**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11.00बजे**

**इसरो उपग्रह**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज तड़के श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ17 रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

**जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देश सहित प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वही, भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा–वृंदावन में जन्माष्टमी के भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इधर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिरों और घरों में सजावट की गई है। राजधानी शिमला के गंज बाजार स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में भी भक्तों की सुबह से ही कतारें लगी हुई हैं। दिनभर भजन–कीर्तन से भगवान की लीलाओं का गुणगान होगा। रातभर जागरण के साथ श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवत महापुराण के कृष्ण जन्म प्रसंग का पाठ किया जाएगा।

**राज्यपाल**

इस बीच राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। राज्यपाल ने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और ऊर्जा का संचार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं और उनके आदर्शों को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने समाज को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और मानव कल्याण के प्रति समर्पित रहने का मार्ग दिखाया है।

**शिक्षक पुरस्कार**

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 26 शिक्षकों को ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 5 सितंबर यानि कल शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता लोकभवन शिमला में ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

**मणिमहेश**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पवित्र डल झील में छोटे स्नान के साथ ही आज चम्बा जिला की विश्व विख्यात मणीमहेश यात्रा का आगाज हो गया। आधिकारिक रूप से ये यात्रा राधाअष्टमी यानी 19 सितम्बर तक चलेगी। मणीमहेश डल झील में आज सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सामने स्थित कैलाश पर्वत के दर्शन किए। भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था लिए देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु हर वर्ष इस यात्रा पर आते हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए 500 पुलिस व होमगार्ड के जवान ड्यूटी पर तैनात किए गए है। वहीँ जगह जगह लंगर की व्यवस्था के अलावा. मेडिकल, घोड़े खच्चर, अस्थायी आवास, संचार सेवा और हेली टैक्सी की सुविधा भी मुहैया करवाई गई है।

***वहीँ इस बार आम श्रद्धालुओं के कुगति ट्रक से जाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। इस बार यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पग उठाते हुए प्रशासन ने छोटी प्लास्टिक की बोतलों व छोटे चिप्स के पैकेट की बिक्री पर भी प्रतिबन्ध लगाया है तो वहीँ यात्रा ट्रैक पर नशीले पदार्थ बेचने पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यात्रा के दौरान धनछो में बी एस एन एल का मोबाइल टावर भी स्थापित किया गया है जिससे पहली बार यात्रियों को संचार सुविधा मिल पाएगी।***

***आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर***

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं। पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य में हल्की से मध्यम वर्षा का समाचार है। वहीं राज्य के कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है। हमारे सिरमौर जिला संवाददाता ने बताया कि जिले में देर रात भारी बारिश हुई है। बारिश से जिले में सड़क, पेयजल व जल आपूर्ति योजनाएं बाधित होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। नाहन–रेणुका अवरूध्द सड़क की बहाली का कार्य जारी है। वहीं नेहली–धीड़ा में भारी भू–स्खलन के बाद सड़क पर आवाजाही बन्द है जिसे देखते हुए यातायात को परिवर्तित किया गया है। मौसम विभाग ने आगामी 4 से 5 दिनों में राज्य में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार**